Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to convert Godhra-Shamlaji Highway into six lane-laid.

श्री रतनसिंह मगनसिंह राठौड़ (पंचमहल): मैं माननीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री जी का ध्यान गुजरात राज्य के गोधरा-शामलाजी राज्यीय राजमार्ग की तरफ दिलाना चाहता हूं जो कि गोधरा (जिला पंचमहल), लुनावाड़ा (जिला महिसागर), शमलाजी (जिला अरावली) से होते हुए राजस्थान को जाता है । यह राजमार्ग 4 लेन है जबकि ज्यादा वाहनो के आवागमन के कारण इस मार्ग पर भारी यातायात होता है जिससे यात्रियों का ज्यादा समय नष्ट होने के साथ-साथ आए दिन दुर्घटना होने की अधिक संभावना बनी रहती हैं । इस लिए इस मार्ग को 4 लेन से 6 लेन किया जाना नितांत आवश्यक है । यदि इस राजमार्ग को 6 लेन में परिवर्तित किया जाता है इससे NH-8 के काफी यात्री इस मार्ग का इस्तेमाल करेंगे जिससे NH-8 पर भी यातायात भार कम होगा । मेरा सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री जी से निवेदन है कि अपने मंत्रालय से इस मार्ग के लिए गुजरात सरकार को धनराशि देने की कृपा करें ताकि इस मार्ग को 6 लेन में परिवर्तित किया जा सके ।